Email :- ho@bnsb.co.in www.bnsb.co.in
स्थापित 17 फरवरी 1959 रजिस्ट्रेशन कमांक 1395 आर.

बारां नागरिक सहकारी बैंक लि0

प्रधान कार्यालय : नियर बस स्टेण्ड , बारां – 325205 (राजस्थान)
टेलीफोन नं. 07453 – 230084, 230343, 235284

क्र: फा.(153)बानासबैंक/आम सभा/2022–23/ दिनांक : 08.07.2022

सामान्य अधिवेशन की सूचना

बैंक के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि बैंक का वार्षिक सामान्य अधिवेशन दिनांक **24.07.2022** को मध्यान्ह 02.00 बजे श्री महावीर गार्डन, जोनल अस्पताल के सामने, बारां में आयोजित किया गया है, इस अधिवेशन में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।

अधिवेशन का एजेण्डा इस प्रकार है।

1. गत आम सभा दिनांक 03.10.2021 की कार्यवाही का वाचन एवं पुष्टि करना।
2. वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2021–22 का अनुमोदन करना।
3. बैंक के सन्तुलन चित्र एवं लाभ हानि खाता वर्ष 2021–22 के विवरण की पुष्टि करना।
4. प्रस्तावित लाभ वितरण तालिका के अनुसार वर्ष 2021–22 का लाभ वितरण की पुष्टि एवं घोषणा करना।
5. ऑडिट रिपोर्ट वर्ष 2021–22 के "अ" भाग में अंकित आक्षेपों की पूर्ति रिपोर्ट पर विचार एवं अनुमोदन करना।
6. बैंक के स्वीकृत बजट वर्ष 2021–22 का अवलोकन एवं 2022–23 के प्रस्तावित बजट की स्वीकृति एवं अनुमोदन करना तथा वर्ष 2021–22 में हुऐ वास्तविक व्ययों की पुष्टि करना।
7. उपनियम संख्या 8 में संशोधन किये जाने पर विचार।
8. संचालक मंडल की स्वीकृति से अधिकारियों/कर्मचारियों को भुगतान किये गये बोनस/एक्सग्रेसिया की पुष्टि करना।
9. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से विचार।

संचालक मण्डल की आज्ञा से

दिनांक : 08.07.2022

राम स्वरूप मीणा
महाप्रबन्धक

आवश्यक टिप्पणी

1 - निर्धारित समय के आधा धन्टे तक गणपूर्ति नही होने या अन्य किन्ही अपरिहार्य कारणो से स्थगित आमसभा निर्धारित समय के एक धन्टे पश्चात अर्थात दिन के 3.00 बजे निर्धारित स्थान पर आरम्भ होगी। विषय सूची अपरिवर्तित रहेगी।

2 - यदि कोई सदस्य उपरोक्त वर्णित विचारणीय विषयों के अतिरिक्त आमसभा में कोई विषय विचारार्थ रखना चाहे तो एतद् सम्बन्धी प्रस्ताव आमसभा की निर्धारित तिथि से 7 दिन पूर्व तक प्रधान कार्यालय में महाप्रबन्धक को लिखित में देकर उसकी रसीद प्राप्त करलें।

3 - आमसभा में विचारणीय विषयों के सम्बन्ध में कोई सदस्य किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करना चाहें तो प्रतिवेदन संतुलन चित्र एवं लाभ हानि खाता एवं भाग "अ" की पूर्ति रिपोर्ट बजट इत्यादि का अवलोकन बैंक में पधारकर बैंक महाप्रबन्धक से कर सकते है।

महाप्रबन्धक